# फेडरल चुनाव की गाइड



C'est notre vote

मतदान और स्वास्थ्य और सुरक्षा के लागू उपायों की आधिकारिक जानकारी के लिए elections.ca पर जाएं

**1-800-463-6868 / elections.ca / TTY 1-800-361-8935**

Elections Canada

EC 90332-HND (02/2021)

# आपकी सेहत और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है


**आपके मतदान केंद्र पर, मतदानकर्मी मास्क पहने होंगे।**
**वहां पर यह भी होगा:**



हैंड सैनीटाईज़र स्टेशन




स्पष्ट शारीरिक दूर के मार्कर



एक प्लैक्सीग्लास बैरियर के पीछे प्रति डेस्क केवल एक चुनाव कार्यकर्ता


**जब आप वोट डालने जाएं तो यह ना भूलें:**



मास्क पहनना



हम आपको अपना मतपत्र चिह्नित करने के लिए एकल-उपयोग वाली पेंसिल प्रदान करेंगे, या आप अपनी खुद का पैन या पेंसिल ला सकते हैं





मतदाताओं और मतदानकर्मियों से कम से कम दो मीटर की दूरी पर रहकर शारीरिक दूरी का पालन करें

**यदि आप कोविड-19 के लिए पॉज़िटिव टैस्ट हुए हैं या आपको उसके लक्षण हैं, या यदि आप किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आए हैं जिसे वायरस है, तो मेल द्वारा वोट करने के लिए आवेदन करने के लिए elections.ca पर जाएं।**

---

यह ब्रोशर **elections.ca** पर कई भाषाओं में उपलब्ध है।
अन्य स्वरूपों जैसे ब्रेल, बड़े प्रिंट और DAISY के लिए, हमें **1-800-463-6868** या **1-800-361-8935 (TTY)** पर कॉल करें।

# यह सुनिश्चित करें कि आप वोटर इन्फर्मेशन कार्ड प्राप्त करने के लिए रजिस्टर्ड हैं




**यदि आप पंजीकृत हैं,** तो चुनाव की घोषणा के बाद आपको डाक में मतदाता जानकारी कार्ड **मिलना चाहिए**। यह बताता है कि आप कब और कहां मतदान कर सकते हैं। वोटिंग प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए, स्वीकृत आईडी के साथ कार्ड लाएं।

**यदि आपको कार्ड नहीं मिला है, या इस पर लिखी जानकारी सही नहीं है**, तो हो सकता है की आप पंजीकृत ना हों या आपकी मतदाता जानकारी अप टू डेट ना हो। रजिस्टर करने या अपना पता अपडेट करने के लिए elections.ca पर जाएँ, या सहायता के लिए 1-800-463-6868 या 1-800-361-8935 (TTY) पर हमें कॉल करें। जब आप मतदान करने जाते हैं, तो आप वहां भी अपनी मतदाता जानकारी को रजिस्टर या अपडेट कर सकते हैं।

## फेडरल चुनाव में पंजीकरण और मतदान करने के लिए, आप अवश्य:

- एक कनेडियन नागरिक हों
- चुनाव के दिन कम से कम 18 वर्ष के हों
- अपनी पहचान और पता साबित कर सकते हों

# वोट देने के तरीके

**आप चुनाव की अवधि के दौरान लगभग किसी भी समय मतदान कर सकते हैं।**
जो मतदान विकल्प आपके लिए सबसे अच्छा है, उसे चुने।

## 1 चुनाव के दिन

आपका निर्धारित मतदान केंद्र 12 घंटे (प्रांत के अनुसार भिन्न घंटे हो सकते हैं) के लिए खुला रहेगा।

## 2 अग्रिम मतदान के दिन

आपका निर्धारित मतदान केंद्र सुबह 9:00 से शाम 9:00 बजे तक खुला रहेगा चुनाव के दिन से पहले एक सप्ताह, शुक्रवार, शनिवार, रविवार और सोमवार को।

आप कहां और कब वोट कर सकते हैं के बारे में जानने के लिए अपना **वोटर इन्फर्मेशन कार्ड** देखें।

## 3 डाक द्वारा

चुनाव दिन के पहले के मंगलवार तक, शाम 6:00 बजे तक आवेदन करें। आप विशेष मतदान प्रक्रिया का उपयोग करके मतदान करेंगे। यह सुनिश्चित करें कि हम चुनाव के दिन तक आपका चिह्नित मतपत्र प्राप्त कर लें, नहीं तो इसे गिना नहीं जा सकता। समय सीमाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए elections.ca पर जाएं और देखें कि क्या डाक द्वारा मतदान आपके लिए सही विकल्प है।

## 4 कैनेडा के किसी भी चुनाव कैनेडा कार्यालय में

किसी भी चुनाव कैनेडा कार्यालय में चुनाव के दिन से पहले मंगलवार को शाम 6:00 बजे जाएं। आप विशेष मतदान प्रक्रिया का उपयोग करके मतदान करेंगे। चुनाव की घोषणा के बाद **elections.ca** पर जाएं या इलैक्शनज़ कैनेडा के निकटतम कार्यालय के बारे में जानने लिए, हमें फोन करें।

जब आप डाक द्वारा या इलैक्शनज़ कैनेडा के कार्यालय में मतदान करने के लिए आवेदन कर देते हैं, तो यह एकमात्र तरीका है जिससे आप इस चुनाव में मतदान कर सकते हैं।

# मतदान करने के लिए अपनी आईडी तैयार रखें

**अपनी पहचान और पते को साबित करने के लिए आपके पास तीन विकल्प हैं।**
मतदान करने के लिए, आपको कैनेडा का नागरिक होना चाहिए और चुनाव के दिन कम से कम 18 वर्ष का होना चाहिए।

### विकल्प 1



### इनमें से कोई एक आईडी दिखाएं

- आपका ड्राइवर लाइसेंस
- आपकी फोटो, नाम और वर्तमान पते वाला एक कैनेडियन सरकार (संघीय, प्रांतीय/क्षेत्रीय या स्थानीय) द्वारा जारी किया गया कोई अन्य कार्ड

**या**

### विकल्प 2



+



### दो आईडी दिखाएं

दोनों पर आपका नाम होना चाहिए और कम से कम एक पर आपका वर्तमान पता होना चाहिए।

**उदाहरण:**


- मतदाता जानकारी कार्ड और बैंक स्टेटमैंट
- यूटिलटी बिल और छात्र आईडी कार्ड

### ये नहीं है? कोई बात नहीं!


अन्य स्वीकृत आईडी भी हैं!
**elections.ca** पर पूरी सूची देखें।

**या**

### विकल्प 3



+



### यदि आपके पास आईडी नहीं है

तो भी आप मतदान कर सकते हैं अगर आप अपनी पहचान और पते को लिखित रूप में घोषित करते हैं और कोई ऐसा व्यक्ति, जो आपको जानता/ती है और जो आपके मतदान केंद्र पर नियत है, आपकी गारंटी देता/ती है।

गारंटी देने वाला अपनी पहचान और पते को साबित करने के लिए सक्षम होना चाहिए। कोई व्यक्ति केवल एक व्यक्ति की गारंटी दे सकता/ती है (लौंग-टर्म केयर फैसिलटियों को छोड़कर)।

# मतदान सहायता उपकरण और सेवाएं



**सभी मतदाताओं को चुनाव के दिन और अग्रिम मतदान के दिनों के लिए मतदान केंद्र निर्धारित किये जाते है।** चुनाव की घोषणा के बाद**,** ऐसे सुनिश्चित करें कि आपका निर्धारित मतदान केंद्र आपकी पहुंच आवश्यकताओं को पूरा करता है। यह पता लगाने के लिए कि यह कितना सुलभ है:

- अपने वोटर इन्फर्मेशन कार्ड को चैक करें
- **www.elections.ca** पर जाएं और वोटर इन्फर्मेशन सर्विस बॉक्स में अपना पोस्टल कोड दर्ज करें, या
- **1-800-463-6868** या **1-800-361-8935 (TTY)** पर हमें फोन करें।

यदि आपको अपने निर्धारित मतदान केंद्रों की पहुंच के बारे में चिंता है, तो हमें **1-800-463-6868** या **1-800-361-8935 (TTY)** फोन करें।

भाषा और सांकेतिक भाषा की व्याख्या सहित अग्रिम रूप से मतदान सहायता का अनुरोध करने के लिए, चुनाव के दिन से पहले मंगलवार शाम 6:00 बजे तक अपनी राईडिंग में इलैक्शनज़ कैनेडा के कार्यालय को कॉल करें।

## चुनाव के दिन मतदान सहायता उपकरण और सेवाएं:




**बड़ा मतपत्र** उम्मीदवार के नामों के साथ **बड़े प्रिंट में**



**भाषा और सांकेतिक भाषा की व्याख्या** (और **अग्रिम अनुरोध पर** अन्य सहायता)



**बड़ा प्रिंट**
और उम्मीदवारों की ब्रेल सूची



**आपके मतपत्र को अंकित करने सहायता** (किसी ऐसे व्यक्ति को लाएं जिसे आप जानते हैं या चुनाव कार्यकर्ता से कहें)



**स्पर्श और ब्रेल मतदान खाका**



**बड़ी पकड़ वाली पेंसिल**
(सीमित मात्रा में) आप अपनी खुद का पैन या पेंसिल भी ला सकते हैं)



**मैग्नीफाइअर (4x)**



**हस्ताक्षर गाइड**

**नोट:** उम्मीदवारों की ब्रेल सूची केवल चुनाव के दिन उपलब्ध होती हैं। बड़े प्रिंट अग्रिम मतदान के दिन और चुनाव के दिन उपलब्ध हैं।